**Fourteenth Loksabha**

**Session : 7**
**Date : 17-03-2006**

**Participants : Pathak Shri Brajesh**

an>

Title : Need to check the pollution caused by unauthorised slaughter houses and by effluents released from industrial units in Unnao Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

**श्री ब्रजेश पाठक (उन्नाव) :** अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र उन्नाव, जनपद उन्नाव, उ0प्र0 के अंतर्गत गैर तरीके से न केवल पशु चिकित्साधिकारियों की अनुपस्थिति में पशुओं का वध किया जा रहा है, बल्कि औद्योगिक इकाइयों द्वारा बड़े पैमाने पर पर्यावरण को भी प्रदूाित किया जा रहा है।

मेरे संसदीय क्षेत्र के लोगों में पशुओं का गैर तरीके से वध करके पर्यावरण को प्रदूाित किए जाने और औद्योगिक इकाइयों द्वारा पर्यावरण संबंधी नियमों के प्रति घोर लापरवाही बरतने के कारण भारी रोा व्याप्त है। क्षेत्र में पर्यावरण प्रदूाित होने के परिणामस्वरूप लोगों का वहां पर रहना बड़ा कठिन हो गया है।

अतः मेरा सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि केन्द्रीय मंत्रालय स्तर पर एक उच्च स्तरीय समिति गठित करके मेरे संसदीय क्षेत्र उन्नाव, उ0प्र0 में पर्यावरण प्रदूाित करने वाली औद्योगिक इकाइयों और चिकित्सकों की गैर मौजूदगी में पशुओं का वध करने वाली इकाइयों का आकस्मिक निरीक्षण कराकर दोाी औद्योगिक इकाइयों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही किए जाने हेतु कारगर कदम उठाये जायें।